**साहित्य अकादेमी**
रवीन्द्र भवन, 35, फ़ीरोज़शाह मार्ग
नई दिल्ली 110 001
☎ 23386626/23387064, 🖷 23382428, ✉ secretary@sahitya-akademi.gov.in

**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
**सचिव**

सा.अ./61/17/सा.अ.पु./प्रे.वि./ 21 दिसंबर 2017

**प्रेस विज्ञप्ति**
**साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2017 घोषित**

नई दिल्ली, 21 दिसंबर 2017; साहित्य अकादेमी ने आज 24 भाषाओं में अपने वार्षिक साहित्य अकादेमी पुरस्कार की घोषणा की। सात उपन्यास, पाँच कविता-संग्रह, पाँच कहानी-संग्रह, पाँच समालोचना, एक नाटक और एक निबंध के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार घोषित किए गए।

पुरस्कारों की अनुशंसा 24 भारतीय भाषाओं की निर्णायक समितियों द्वारा की गई तथा साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित अकादेमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में आज इन्हें अनुमोदित किया गया।

अपने कविता-संग्रहों के लिए पुरस्कृत 5 कवि हैं : उदय नारायण सिंह 'नचिकेता' (मैथिली), श्रीकांत देशमुख (मराठी), भुजंग टुडु (संताली), (स्व.) इंक़लाब (तमिळ) और देवीप्रिया (तेलुगु)।

जयंत माधव बरा (असमिया), आफसार आमेद (बाङ्ला), रीता बर' (बोडो), ममंग दई (अंग्रेज़ी) के.पी. रामनुन्नी (मलयाळम्), निरंजन मिश्र (संस्कृत) और नछत्तर (पंजाबी) को उनके उपन्यास हेतु पुरस्कृत किया गया।

अपने कहानी-संग्रहों के लिए पुरस्कृत 5 कहानीकार हैं : शिव मेहता (डोगरी), औतार कृष्ण रहबर (कश्मीरी), गजानन जोग (कोंकणी), गायत्री सराफ (ओड़िया) और बेग एहसास (उर्दू)।

उर्मि घनश्याम देसाई (गुजराती), रमेश कुंतल मेघ (हिंदी), टी.पी. अशोक (कन्नड), वीणा हाङ्गखिम (नेपाली) और नीरज दइया (राजस्थानी) को समालोचना के लिए पुरस्कृत किया गया। राजेन तोइजाम्बा (मणिपुरी) को उनके नाटक के लिए और जगदीश लछाणी (सिंधी) को उनके निबंध के लिए पुरस्कृत किया गया।

इन पुस्तकों को संबंधित भाषा के त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन-प्रक्रिया का पालन करते हुए पुरस्कार के लिए चुना है। नियमानुसार कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों के बहुमत के आधार पर अथवा सर्वसम्मति के आधार पर चयनित पुस्तकों के लिए आज पुरस्कारों की घोषणा की है। पुरस्कार 1 जनवरी 2011 से 31 दिसम्बर 2015 के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिया गया है।

साहित्य अकादेमी पुरस्कार के रूप में एक उत्कीर्ण ताम्रफलक, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी। घोषित पुरस्कार 12 फ़रवरी 2018 को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह (साहित्योत्सव) में दिए जाएँगे।

21/12/2017

**(के. श्रीनिवासराव)**

**संलग्नक** : पुरस्कार के लिए चुने गए रचनाकारों की सूची 'क'
निर्णायक मंडल के सदस्यों की सूची 'ख'

**प्रकाशन/प्रसारण हेतु जारी**

अनुलग्नक 'क'

# साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2017

| भाषा | पुस्तक एवं विधा | लेखक |
|---|---|---|
| असमिया | मरियाहोला (उपन्यास) | जयंत माधव बरा |
| बाड्ला | सेइ निखोंज मानुषटा (उपन्यास) | आफसार आमेद |
| बोडो | थैसाम (उपन्यास) | रीता बर' |
| डोगरी | बन्नां (कहानी–संग्रह) | शिव मेहता |
| अंग्रेजी | द ब्लैक हिल (उपन्यास) | ममंग दई |
| गुजराती | गुजराती व्याकरणनां बसो वर्ष (समीक्षा) | उर्मि घनश्याम देसाई |
| हिंदी | विश्वमिथकसरित्सागर (साहित्यिक समीक्षा) | रमेश कुंतल मेघ |
| कन्नड | कथन भारती (साहित्यिक आलोचना) | टी.पी. अशोक |
| कश्मीरी | येलि परदा वोथ (कहानी–संग्रह) | औतार कृष्ण रहबर |
| कोंकणी | खांद आनी हेर कथा (कहानी–संग्रह) | गजानन जोग |
| मैथिली | जहलक डायरी (कविता–संग्रह) | उदय नारायण सिंह 'नचिकेता' |
| मलयाळम् | दैवतिंटे पुस्तकम (उपन्यास) | के.पी. रामनुन्नी |
| मणिपुरी | चही तरेत् खुंताकपा (नाटक) | राजेन तोइजांबा |
| मराठी | बोलावें ते आम्ही (कविता-संग्रह) | श्रीकांत देशमुख |
| नेपाली | कृति विमर्श (साहित्यिक समीक्षा) | वीणा हाङ्गखिम |
| ओड़िया | इटाभाटिर शिल्पी (कहानी-संग्रह) | गायत्री सराफ |
| पंजाबी | स्लो डाउन (उपन्यास) | नछत्तर |
| राजस्थानी | बिना हासलपाई (आत्मकथा) | नीरज दइया |
| संस्कृत | गंगापुत्रावदानम् (उपन्यास) | निरंजन मिश्र |
| संताली | ताहेनाञ् ताङिरे (कविता–संग्रह) | भुजंग टुडु |
| सिंधी | आछेन्द लज मरान (निबंध–संग्रह) | जगदीश लछाणी |
| तमिळ | कानधल नाटकल (कविता) | इंकलाब |
| तेलुगु | गाली रंगु (कविता–संग्रह) | देवीप्रिया |
| उर्दू | दख़मा (कहानी–संग्रह) | बेग एहसास |

अनुलग्नक 'ख'

## साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2017 के निर्णायक मंडलों के सदस्य

| | |
|---|---|
| **असमिया**<br>• श्रीमती लीना शर्मा<br>• डॉ. लक्ष्मीनंदन बर'<br>• प्रो. सेलेन भराली | **बाङ्ला**<br>• प्रो. अमित्रसूदन भट्टाचार्य<br>• श्री बुद्धदेव दासगुप्त<br>• श्री देवेश राय |
| **बोडो**<br>• डॉ. अदराम बसुमतारी<br>• प्रो. दुर्गेश्वर बर'<br>• श्री रबिराम रामचियारी | **डोगरी**<br>• डॉ. ज्ञान सिंह<br>• श्री ज्ञानेश्वर<br>• डॉ. ओम गोस्वामी |
| **अंग्रेज़ी**<br>• श्री हरीश नारंग<br>• प्रो. जुवनिता वार<br>• प्रो. श्यामला ए. नारायण | **गुजराती**<br>• प्रो. कांतिलाल पटेल<br>• श्री नरेश वेद<br>• श्रीमती वर्षा अडालजा |
| **हिंदी**<br>• डॉ. सदानंद गुप्ता<br>• श्री विजय बहादुर सिंह<br>• सुश्री नासिरा शर्मा | **कन्नड**<br>• डॉ. जी.एम. हेगड़े<br>• डॉ. शांता इम्रापुरा<br>• डॉ. शिवराम पडिक्कल |
| **कश्मीरी**<br>• प्रो. फ़ारूक़ नाज़की<br>• श्री मंसूर बनिहाली<br>• प्रो. ओ.एन. कौल | **कोंकणी**<br>• श्री रमेश वेलुस्कर<br>• श्री महाबलेश्वर शैल<br>• प्रो. एस.एम. बोर्गीस |
| **मैथिली**<br>• डॉ. ब्रजकिशोर मिश्र<br>• श्री राजनंदन लालदास<br>• श्री तुलानंद मिश्र | **मलयाळम्**<br>• डॉ. अजयापुरम ज्योतिष कुमार<br>• डॉ. एन. अनिल कुमार<br>• डॉ. प्रभा वर्मा |
| **मणिपुरी**<br>• डॉ. के. नयन चंद सिंह<br>• प्रो. ख. कुंजो सिंह<br>• प्रो. थोइदिङ्जम तोम्बी सिंह | **मराठी**<br>• श्री जयंत पवार<br>• सुश्री पुष्पा भावे<br>• श्री सदानंद मोरे |
| **नेपाली**<br>• सुश्री इंद्रमणि दर्नाल<br>• श्री लक्ष्मण श्रीमल<br>• श्री पेम्पा तमाङ् | **ओड़िया**<br>• प्रो. मधुसूदनपति<br>• श्री शांतनु कुमार आचार्य<br>• डॉ. सौभाग्य कुमार मिश्रा |
| **पंजाबी**<br>• प्रो. देवेंद्र सिंह<br>• श्री जसबीर सिंह सिंधू<br>• श्री केवल धालीवाल | **राजस्थानी**<br>• डॉ. देव कोठारी<br>• डॉ. कल्याण सिंह शेखावत<br>• श्री शिवराज छंगाणी |
| **संस्कृत**<br>• प्रो. दीप्ति त्रिपाठी<br>• प्रो. हरिदत्त शर्मा<br>• प्रो. कुटुम्बशास्त्री | **संताली**<br>• श्री गोबिंद चंद्र माझी<br>• डॉ. जे.एन. मुर्मु<br>• डॉ. रतन चंद्र हेम्ब्रम |
| **सिंधी**<br>• डॉ. दयाल आशा<br>• श्री वासदेव मोही<br>• श्री विम्मी सदारंगाणी | **तमिळ**<br>• श्री इंद्रन<br>• श्री पा. जयप्रकाशम<br>• श्री पोन्नीलन |
| **तेलुगु**<br>• श्री ए.एन. जगन्नाथ शर्मा<br>• श्री के. शिवा रेड्डी<br>• डॉ. संपत कुमार | **उर्दू**<br>• प्रो. अशरफ़ रफी<br>• श्री नंद किशोर विक्रम<br>• श्री सलाम बिन रज़्ज़ाक़ |